राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–12/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वागत समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये

पटना 26 जनवरी, 2025 :– गणतंत्र दिवस–2025 के अवसर पर राजभवन में स्वागत समारोह (At Home) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां, लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव एवं उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र नारायण यादव, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, जन–प्रतिनिधिगण, वरीय सैन्य पदाधिकारीगण, विभिन्न आयोगों/समितियों/संगठनों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण, बुद्धिजीवीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण शामिल हुए।

स्वागत–समारोह के बाद राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

....